राष्ट्र को मजबूत बनाने फ्लैगशिप कार्यक्रम जरूरी

'वन हेल्थ' योजना स्वास्थ्य को संतुलित और अनुकूलित करती है

भास्कर संवाददाता | नागपुर

समाज व राष्ट्र को मजबूत बनाने के लिए फ्लैगशिप कार्यक्रम जरूरी है। जीडीपी मामले में भारत दुनिया में सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। ऐसा वैज्ञानिक व जीवन विज्ञान, रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के महानिदेशक डॉ. उपेंद्र कुमार सिंह ने कहा। सीएसआईआर-नीरी (सीएसआईआर-राष्ट्रीय पर्यावरण इंजीनियरिंग अनुसंधान संस्थान) के 66वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में बोल रहे थे। विशेष अतिथि एसईआरबी फेलो विभाग के प्रोफेसर बी. एन. गोस्वामी उपस्थित थे। डॉ. सिंह ने हरियाणा के पानीपत में स्थापित भारत के पहले 2-जी इथेनॉल प्लांट के बारे जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 'वन हेल्थ' योजना स्वास्थ्य को संतुलित और अनुकूलित करने का काम करती है।

पर्यावरण को बचाना सबकी नैतिक जिम्मेदारी है

प्रोफेसर गोस्वामी ने जलवायु परिवर्तन पर चिंता व्यक्त की और कहा कि हमें पर्यावरण को बचाने की जरूरत है। हम पहले ही चरम बिंदु पर पहुंच चुके हैं। वैश्विक समस्याओं के समाधान के लिए हमें स्थानीय मुद्दों का समाधान निकालने की जरूरत है। पर्यावरण को बचाना सभी की नैतिक जिम्मेदारी है, क्योंकि पर्यावरण हमारा दायित्व है। वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड का वर्तमान स्तर 423 पीपीएम और मिथेन का 1921 पीपीबी है। उन्होंने सुझाव दिया कि वायुमंडल से कार्बन निकालने की तुलना में समुद्र से कार्बन निकालना बेहतर विकल्प है, क्योंकि यह काफी सस्ता है।